*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय

# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया में छात्रों को ड्यूल डिग्री के अवसर

पंतनगर। 12 दिसम्बर 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एक शैक्षिक वार्ता आयोजित की गई। अधिष्ठात्री सामुदायिक महाविद्यालय के दिशा–निर्देशन में इस वार्ता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की कार्यवाहक अधिष्ठात्री डा. सीमा क्वात्रा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, रिसोर्स मैनेजमेंट एण्ड कन्ज्यूमर साईंस ने इस वार्ता का संचालन किया। डा. सिन्धु श्योरन वर्तमान में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया में सीनियर रिसर्च प्रोग्राम को–ऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत हैं एवं ड्यूल डिग्री कार्यक्रम से जुड़ी हुई हैं। यह कार्यक्रम डा. एच.जे. शिवा प्रसाद, प्रोफेसर एवं निदेशक अंतर्राष्ट्रीय मामलें की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष डा. अदिती वत्स, डा. अनुपमा पाण्डे, डा. अर्चना कुशवाहा एवं डा. अनीता रानी ने भी प्रतिभाग किया और छात्रों को प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में डा. श्वेता चौधरी, डा. अनीता एवं डा. केसरवानी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. सिन्धु श्योरन ने विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों को सम्बोधित करते हुए बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया में ड्यूल डिग्री के अवसर सभी स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। भारतीय छात्रों के लिए विदेश में अपने शोध कार्य को आगे बढ़ाने का उत्कृष्ट अवसर वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में उपलब्ध है और इस कार्यक्रम में 100 प्रतिशत शुल्क क्षमा एवं विभिन्न छात्रवृत्तियां भी शामिल हैं। यह कार्यक्रम पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय एवं वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच हुए एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है, जिससे छात्रों को दोनों विश्वविद्यालयों की डिग्री प्राप्त होगी और उन्हें वैश्विक अधिक से अधिक उत्कृष्ट रोजगार मिलेंगे। डा. सिन्धु ने यह भी अवगत कराया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी द्वारा वर्ष 2027 में भारत, नोएडा में एक एक्सटेंडेड इंस्टीट्यूट स्थापित किया जा रहा है जिसमें एमबीए और एमएससी की डिग्री सस्टेनेबल वाटर फियूचर पर आधारित होगी। इसमें छात्रों को शुरू के एक वर्ष में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया गये बिना ही वहां का शैक्षणिक वातावरण दिया जायेगा जिसके उपरांत दूसरे वर्ष में छात्र वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करेंगे।

कार्यक्रम का समापन कार्यवाहक अधिष्ठात्री डा. सीमा क्वात्रा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने ड्यूल डिग्री के प्रति अपनी इच्छा दर्शाते हुए विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी संकायें पूछीं और डा. सिन्धु ने बहुत ही सरल शब्दों में उनके प्रश्नों के उत्तर दिये।

